Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 27 ◘ अंक- 258 ◘ रायपुर, गुरुवार 10 अक्टूबर 2024 ◘ पृष्ठ-8 ◘ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

जम्मू-कश्मीर में आज विधायक दल की बैठक मुख्यमंत्री के नाम पर लग सकता है मुहर

नई दिल्ली, 10 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के नवनिर्वाचित विधायक अपने विधायक दल के नेता का चुनाव करने के लिए गुरुवार को बैठक करेंगे। एनसी के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर चुनाव के लिए मतगणना के एक दिन बाद इस बात की जानकारी दी है। पार्टी नेता मोहम्मद सैयद अखून ने कहा कि आज विधायक दल की बैठक होगी। इसमें हम चर्चा करेंगे कि हम सरकार बनाने का दावा करने कब एलजी के पास जाएंगे। कल या परसों कांग्रेस के साथ बैठक होगी।

कल या परसों कांग्रेस के साथ बैठक होगी

उमर अब्दुल्ला ने कहा कि फिर सदन में अपना नेता चुनने के लिए गठबंधन सहयोगियों की बैठक होगी. फिर, हम सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए राजभवन जाएंगे और उपराज्यपाल से शपथ ग्रहण के लिए समय तय करने के लिए कहेंगे। मुझे उम्मीद है कि अगले कुछ दिनों में नई सरकार बन जाएगी। केंद्र शासित प्रदेश की कुल 90 विधानसभा सीटों में से एनसी ने 51 पर चुनाव लड़ा और 32 अपनी सहयोगी कांग्रेस को दी, जबकि एक-एक सीट सीपीआई (एम) और पैंथर्स पार्टी को दी। पांच सीटों पर दोनों वरिष्ठ सहयोगियों के बीच %दोस्ताना% मुकाबला था। चुनाव आयोग के अनुसार, उमर अब्दुल्ला की दो सीटों सहित 42 जीत के साथ, नेशनल कॉन्फ्रेंस सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी, उसके बाद भाजपा (29) थी। कांग्रेस ने छह सीटें जीतीं और सीपीआई (एम) ने उसे दी गई एकमात्र सीट हासिल की, गठबंधन ने 49 सीटें जीतीं, और बहुमत के 46 के आंकड़े को आसानी से पार कर लिया।

कैबिनेट की बैठक के बाद जल्द हो सकती है केंद्रीय कर्मचारियों के लिए डीए बढ़ोतरी की घोषणा

नई दिल्ली, ी अक्टूबर (न्यूज चैनल)। केंद्र सरकार की कैबिनेट बैठक हो चुकी है। केंद्र सरकार की कैबिनेट बैठक के बाद खुशखबरी केंद्रीय कर्मचारियों के लिए आई है। अब जल्द ही केंद्रीय कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) में बढ़ोतरी की घोषणा की जा सकती है। केंद्रीय कर्मचारियों को केंद्र सरकार जल्द ही राहत दे सकती है। बता दें कि डीए सभी वर्तमान सेवारत कर्मचारियों पर लागू होता है। वहीं डीआर सभी पेंशनभोगियों पर लागू होता है। दोनों का उद्देश्य महंगाई के कारण जीवन-यापन की बढ़ती लागत के अनुसार वेतन या पेंशन को समायोजित करना है।

लाओस दौरे पर क्यों गये पीएम मोदी!

नई दिल्ली, 10 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21वें आसियान-भारत और 19वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आज लाओस की यात्रा पर रवाना हो गये। यात्रा पर रवाना होने से पहले जारी किये गये बयान में प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं लाओस के प्रधानमंत्री सोनेक्से शिफानडोन के निमंत्रण पर विएंतियान की दो दिवसीय यात्रा पर जा रहा हूं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष हम अपनी एक्ट ईस्ट नीति के एक दशक पूरे कर रहे हैं। मैं आसियान नेताओं के साथ मिलकर हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी में प्रगति की समीक्षा करूंगा और हमारे सहयोग की भविष्य की दिशा तय करूंगा। उन्होंने कहा कि यह पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए चुनौतियों पर विचार-विमर्श करने का अवसर प्रदान करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हम लाओ पीडीआर सहित इस क्षेत्र के साथ घनिष्ठ, सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंध साझा करते हैं, जो बौद्ध धर्म और रामायण की साझा विरासत से समृद्ध हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं अपने द्विपक्षीय संबंधों को और सुदृढ़ करने के लिए लाओ पीडीआर नेतृत्व के साथ अपनी बैठकों की प्रतीक्षा कर रहा हूं। मोदी ने कहा कि मुझे विश्वास है कि इस यात्रा से आसियान देशों के साथ हमारे संबंध और प्रगाढ़ होंगे।

हम आपको बता दें कि आसियान-भारत सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी 10वीं बार हिस्सा लेंगे। वह आसियान देशों के अन्य शासनाध्यक्षों के साथ भारत और आसियान के बीच संबंधों की प्रगति की समीक्षा करेंगे और परस्पर संबंधों की दिशा भी तय करेंगे। प्रधानमंत्री की यात्रा के बारे में भारतीय विदेश मंत्रालय ने बताया है कि इस दौरान मोदी जापान के नवनियुक्त प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा से मुलाकात कर सकते हैं जो एक अक्टूबर को पद संभालने के बाद से अपनी पहली विदेश यात्रा में पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। बताया जा रहा है कि दक्षिण चीन सागर में क्षेत्रीय तनाव और म्यांमा में गृह युद्ध पर भी चर्चा होगी। आसियान ने एक शांति योजना प्रस्तावित की है जिसमें म्यांमा में संघर्षरत गुटों के बीच युद्ध विराम और मध्यस्थता की बात कही गई है।

ब्रेकिंग न्यूज

सीसीएस ने 31 प्रीडेटर ड्रोन की खरीद, परमाणु पनडुब्बियों के स्वदेशी निर्माण संबंधी सौदे को मंजूरी दी

नई दिल्ली, 10 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। सुरक्षा मामलों से जुड़ी कैबिनेट समिति (सीसीएस) ने भारत की सैन्य शक्ति में इजाफा करने के मकसद से अमेरिका से 31 प्रीडेटर लॉन्ग-एंड्योरेंस ड्रोन की खरीद और परमाणु ऊर्जा से संचालित दो पनडुब्बियों के स्वदेशी निर्माण संबंधी सौदे को बुधवार को मंजूरी दे दी। मामले से अवगत अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, एमक्यू-9बी हंटर किलर ड्रोन विदेशी सैन्य बिक्री माध्यम के तहत अमेरिकी की जनरल एटॉमिक्स से लगभग 3.1 अरब अमेरिकी डॉलर की लागत से खरीदे जाएंगे। उन्होंने बताया कि परमाणु ऊर्जा से संचालित दोनों पनडुब्बियों का निर्माण लगभग 40,000 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाले सीसीएस ने दोनों प्रमुख खरीद परियोजनाओं को मंजूरी दी।

एक देश एक चुनाव के खिलाफ केरल विस में लाया गया प्रस्ताव

नई दिल्ली, 10 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। राज्य सरकार ने केरल विधानसभा में एक राष्ट्र, एक चुनावके विरोध में एक प्रस्ताव पेश किया गया। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने केंद्र सरकार से प्रस्ताव को अलोकतांत्रिक बताते हुए वापस लेने का आग्रह करते हुए प्रस्ताव पेश किया। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के प्रतिनिधि, संसदीय कार्य मंत्री एम बी राजेश ने तर्क दिया कि यह प्रस्ताव भारत की संघीय प्रणाली और विविधता को खतरे में डालता है, संभावित रूप से विभिन्न राज्य विधानसभाओं और स्थानीय सरकारों की शर्तों को कम कर देगा। विधानसभा का तर्क है कि एक साथ चुनाव संवैधानिक सिद्धांतों को कमजोर करते हैं और चुनावों को एक साथ कराने की उच्च स्तरीय समिति की सिफारिश के बावजूद भाजपा और आरएसएस के एजेंडे को थोपते हैं। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने 18 सितंबर को एक पोस्ट में ट्वीट किया था कि राष्ट्रपति शासन को आगे बढ़ाने और संवैधानिक मूल्यों को नष्ट करने के संघ परिवार के इस कदम का विरोध किया जाना चाहिए। हमारे लोकतंत्र की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक ताकतों को एकजुट होना चाहिए। विपक्ष के नेता वीडी सतीसन ने भी प्रस्ताव पर कड़ा विरोध जताया और इसे भारतीय लोकतंत्र के लिए अव्यावहारिक करार दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और संघ परिवार पर सत्ता को केंद्रीकृत करने का प्रयास करने का आरोप लगाया।

उद्योगपति रतन टाटा का अंतिम संस्कार आज शाम 4 बजे

प्रधानमंत्री मोदी सहित कई मंत्रियों ने दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली, 10 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। देश के प्रमुख उद्योगपति रतन टाटा का निधन हो गया है। वह 86 वर्ष के थे। मुंबई के ब्रिज कैंडी अस्पताल में पिछले दिनों उन्हें भर्ती कराया गया था। पिछले कई दिनों से उनकी तबीयत लगातार खराब चल रही थी। हालांकि एक दिन पहले ही रतन टाटा की ओर से यह साफ किया गया था कि वह रुटीन चेकअप के लिए अस्पताल में भर्ती हुए हैं। हालांकि आज उनका निधन हो गया है।

रतन टाटा के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा कि श्री रतन टाटा जी एक दूरदर्शी बिजनेस लीडर, दयालु आत्मा और एक असाधारण इंसान थे। उन्होंने भारत के सबसे पुराने और सबसे प्रतिष्ठित व्यापारिक घरानों में से एक को स्थिर नेतृत्व प्रदान किया। साथ ही, उनका योगदान बोर्डरूम से कहीं आगे तक गया। अपनी विनम्रता, दयालुता और हमारे समाज को बेहतर बनाने के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के कारण उन्होंने कई लोगों का प्रिय बना लिया। उन्होंने आगे कहा कि श्री रतन टाटा जी के सबसे अनूठे पहलुओं में से एक बड़े सपने देखने और उन्हें वापस देने का जुनून था। वह शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, स्वच्छता, पशु कल्याण जैसे कुछ मुद्दों का समर्थन करने में सबसे आगे थे। मोदी ने यह भी लिखा कि मेरा मन श्री रतन टाटा जी के साथ अनगिनत संवादों से भरा हुआ है। जब मैं गुजरात का मुख्यमंत्री था तो मैं उनसे अक्सर मिलता था। हम विभिन्न मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। मुझे उनका दृष्टिकोण बहुत समृद्ध लगा। जब मैं दिल्ली आया तो ये बातचीत जारी रही। उनके निधन से बेहद दुख हुआ। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार, दोस्तों और प्रशंसकों के साथ हैं। रतन टाटा को विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने श्रद्धांजलि दी है। सोशल मीडिया पर राहुल गांधी ने कहा, रतन टाटा एक दूरदर्शी व्यक्ति थे। वहीं राजनाथ सिंह ने राजनाथ सिंह ने भी एक्स पर लिखा कि श्री रतन टाटा के निधन से दुखी हूं। वे भारतीय उद्योग जगत के एक ऐसे दिग्गज थे जिन्हें हमारी अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्योग में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए जाना जाता है।

रतन टाटा का अंतिम संस्कार मुंबई के वर्ली श्मशान घाट में शाम 4 बजे होगा. वह पारसी समुदाय से ताल्लुक रखते हैं. इसके बावजूद उनका दाह संस्कार हिंदू रीति रिवाज से किया जाएगा.

रायपुर आबकारी उपायुक्त हटाए गए

रायपुर 10 अक्टूबर 2024। छत्तीसगढ़ सरकार ने आबकारी विभाग में अधिकारियों का तबादला आदेश जारी किया है। ट्रांसफर लिस्ट में रायपुर के आबकारी उपायुक्त विकास कुमार गोस्वामी को हटा दिया गया है। उनकी जगह रामकृष्ण मिश्रा को उपायुक्त की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। तबादला आदेश में 34 अफसरों के नाम शामिल है। इनमें उपायुक्त सहित सहायक आयुक्त और जिला आबकारी अधिकारी शामिल है। गौरतलब है कि राजधानी रायपुर में शराब की ओवर रेट और शराब की बिक्री में लगातार आ रही कमी समेत मिलावट की लगातार शिकायते मिल रही थी। जिसे लेकर रायपुर आबकारी विभाग के उपायुक्त विकास कुमार गोस्वामी को हटा दिया गया है।

आबकारी विभाग में उपायुक्त, सहायक आयुक्त सहित जिला आबकारी अधिकारियों का तबादला आदेश जारी

किराना और मिठाई दुकानों में खाद्य विभाग की दबिश

कोरबा, 10 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। त्योहारी सीजन में मिलावट की मिल रही शिकायतों पर खाद्य औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने जियो मार्ट सहित अन्य दुकानों पर दबिश देकर खाद्य पदार्थों के नमूने लिए थे. जांच में जिओमार्ट के ऑर्गेनिक बेसन के अलावा कुछ दुकानों के खाद्य पदार्थ के नमूने फेल हुए हैं. मामलों में विभाग जल्द आगे की कार्रवाई करने जा रहा है.

त्योहारी सीजन में भारी मात्रा में होने वाली खरीदी को ध्यान में रखते हुए स्थापित ब्रांड के साथ-साथ सामान्य किराना-मिठाई दुकानों में खाद्य पदार्थों में मिलावट की शिकायत मिल रही है. इस पर संज्ञान लेते हुए खाद्य औषधि प्रशासन विभाग मिठाई से लेकर आटा, बेसन, मैदा, तेल आदि की जांच में लगा हुआ है. खाद्य औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारी विकास भगत ने बताया कि हाल में ही कुछ नमूनों की जांच रिपोर्ट हमारे पास पहुंची है, जिसमें जियोमार्ट के ऑर्गेनिक बेसन के अलावा कुछ और दुकानों के खाद्य पदार्थ के नमूने फेल हुए हैं. मामलों में कार्रवाई के लिए अगली प्रक्रियाएं जल्द की जाएगी.

ठाणे में 1.59 लाख रुपये के 'ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन' बरामद, एक व्यक्ति गिरफ्तार

नई दिल्ली, 10 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में अवैध तौर पर 'ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन' बनाने के आरोप में 50 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बहस्पतिवार को यह जानकारी दी। ऑक्सीटोसिन का उपयोग दुधारू पशुओं में दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए किया जाता है तथा इसका पशुओं के साथ-साथ उस दूध को पीने वाले लोगों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। मुंबई पुलिस की अपराध इकाई के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अजीत शिंदे ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मंगलवार को कल्याण कस्बे में एक परिसर में छापा मारा और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

3 मासूम समेत 8 लोगों को काटने वाले पागल कुत्ते का ग्रामीणों ने मार डाला

बालोद, 10 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। डौंडी ब्लॉक के गांवों में एक के बाद एक आठ ग्रामीणों को घायल करने वाले पागल कुत्ते को आखिरकार ग्रामीणों ने मार गिराया है. आज सुबह कुत्ते ने एक महिला को काटा था, जिसके बाद गुस्साए ग्रामीणों ने पागल कुत्ते को खोजकर मार डाला. इस बीच कुत्ते के आतंक की सूचना मिलने पर जनपद सीईओ डीडी मांडले ने गांव पहुंचकर ग्रामीणों से चर्चा की. पागल कुत्ते ने बुधवार से वनांचल क्षेत्र में आतंक मचाया हुआ था. आमाडूला, किसनपुरी, चिहरो गांव में कुत्ते ने कल शाम तक एक के बाद एक सात लोगों पर हमला कर घायल किया था, जिनमें तीन मासूम भी शामिल हैं. घायलों का आमाडुला स्वास्थ्य केंद्र में उपचार किया जा रहा है. वहीं इनमें से एक 56 वर्षीय भागवत को उपचार के लिए धमतरी स्थित निजी अस्पताल के लिए रेफर किया गया है.

खत्म हुआ आतंक

कुत्ता कल शाम को दिगवाड़ी गांव भाग गया था, जहां आज सुबह 45 वर्षीय महिला सोहद्री बाई को काट डाला. कुत्ते से मासूम बच्चों के साथ बड़ों के लिए भी खतरे को भांपते हुए ग्रामीणों ने मिलकर पागल कुत्ते की खोजबीन की. दिगवाड़ी गांव में कुत्ता नजर आते ही उसे घेरकर पत्थर और डंडे से मार डाला. कुत्ते के मरने के साथ ही ग्रामीणों ने राहत की सांस ली. इस बीच कुत्ते के आतंक की सूचना मिलने पर जनपद सीईओ डीडी मांडले भी गांव पहुंचे और ग्रामीणों से चर्चा की. पागल कुत्ते के काटने से घायल हुए ग्रामीणों में सबसे ज्यादा आमाडुला के रहने वाले हैं. कुत्ते ने गांव के दो मासूम- 9 वर्षीय सेमुअल पिता जयंत कुमार और 8 साल की पाखी पिता किसुन ला के अलावा 45 वर्षीय हुकलाल, 57 वर्षीय आनंद, 60 वर्षीय मनोतिन बाई को काट दिया था. इनके अलावा किसनपुर में पांच वर्षीय वेदांत पिता सोहन लाल, दीघवाड़ी निवासी 45 वर्षीय सोहाद्री और चिहरो निवासी 56 वर्षीय भागवत को काट डाला था।

महंगाई ने बिगाड़ा रसोई का बजट : तेज, प्याज, दाल सहित अन्य वस्तुओं के बढ़े दाम

धमतरी, 10 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। मंहगाई से राहत मिल नहीं रही जो दाम पहले से बढ़े हुए है उनमें कटौती के बजाय और सामानों के दामो में वृद्धि की जा रही है। इसका सीधा असर आम आदमी के जीवन पर पड़ रहा है। विशेषकर त्यौहारी सीजन में दैनिक उपयोग के वस्तुओं के दाम में वृद्धि से लोग परेशान हो रहे है।

बता दे कि पिछले दो महीने में सब्जियों से लेकर तेल आलु, प्याज, लहसून सहित अन्य दैनिक उपयोग के वस्तुओं के दाम काफी बढ़ गये है। नतीजन इसका सीधा असर आम आदमी के जीवन पर पड़ रहा है। महंगाई के कारण गृहणियों के रसोई का बजट गड़बड़ा गया है। इसलिए त्यौहारी सीजन में अन्य खर्चो के साथ राशन का बजट बढ़ना आर्थिक परेशानी का कारण बन सकता है।

गरीब व मध्यम वर्गीय परिवारों की बढ़ी त्यौहारी सीजन में परेशानी

बता दे कि सबसे ज्यादा वृद्धि खाद्य तेलो के दाम में हुई है। केन्द्र सरकार द्वारा खाद्य तेलो पर सीमा शुल्क 20 प्रतिशत बढ़ा दिया है इससे खाद्य तेज प्रति लीटर 20 रुपये इससे ज्यादा मंहगे हो गये है। यही कारण है कि 16 किलो तेल का पीपा जो कि 1650 से 1700 से मिल जाता था अब 2100 से 2200 तक मिल रहा है। सरकार ने पाम, सोया, सूरजमुखी तेल पर सीमा शुल्क एकाएक बढ़ा दिया है। इसका खामियांजा आम जनता को अपनी जेबे ढ़ीली कर भुगतना पड़ रहा है। वहीं दाल के दाम भी बढ़े हुए है। 110 से 160 रुपये प्रति किलो के हिसाब से अरहल दाल बाजार में अलग-अलग वैरायटी के उपलब्ध है लेकिन जो दाल 110 में मिलते थे वहीं दाम 150 रुपये तक मिल रहे है। मूंगदाल के दाम में भी 40 से 50 रुपये प्रति किलो के हिसाब से वृद्धि हुई है। आलू 25 रुपये से 35-40 रुपये तक तो प्याज 25 से 60 रुपये किलो तक बिक रहा है। टमाटर सहित अन्य सब्जियां भी काफी मंहगे हो चुके है। लहसून के दाम में 50 से 70 रुपये तक वृद्धि हुई है। इस प्रकार रसोई में रोजाना उपयोग होने वाली वस्तुओं के दाम में वृद्धि से आम जनता की परेशानी बढ़ गई है।

मंहगाई की दोहरी पड़ रही भारी

चर्चा के दौरान गृहिणी सीमा साहू, कंचन देवांगन, पुष्पलता ध्रुव ने बताया कि सरकार द्वारा पहले से ही गैस सिलेण्डर पेट्रोल डीजल अन्य सामाग्रियों के दाम काफी बढ़ा कर जनता को आर्थिक चोट पहुंचा चुकी है। अन्तराष्ट्रीय बाजार में दामो में कमी होने पर भी उक्त सामान के दाम अपेक्षाकृत घटाये नहीं जाते और अब दैनिक उपयोग की राशन सामाग्रियों के दाम में वृद्धि से रसोई का बजट बिगड़ गया है। इसलिए दाम में कमी लाने के प्रयास करने चाहिए। जनता पहले से ही मंहगाई के बोझ तले दबी हुई उस पर त्यौहारी सीजन में मंहगाई की दोहरी मार ठीक नहीं है।

स्टॉपर टूटने से मजदूर की मौत, बीएसपी में हादसा

दुर्ग, 10 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। भिलाई शहर स्थित इस्पात संयंत्र में गुरुवार को बड़ा हादसा हो गया। स्टील मेल्टिंग शॉप 3 में मजदूर पर 150 किलो वजनी स्टॉपर गिर गया। हादसे में ठेका श्रमिक बसंत कुमार कुर्रे की मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद से प्रबंधन में हड़कंप मच गया है। मौके पर संयंत्र के कई अधिकारी मौके पर पहुंचे हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार एसएमएस 3 के क्रेन क्रमांक 31 ने क्रेन क्रमांक 29 को ठोकर मार दी। जिससे स्टॉपर टूट गया। स्टॉपर टूटने के बाद नीचे खड़े मजदूर बसंत के ऊपर गिर गया। इसका वजन करीब 150 किलो का बताया जा रहा है। इसके नीचे दबने से मौके पर ही मजदूर ने दम तोड़ दिया। शरीर की हड्डियां तक टूट चुकी हैं। घटना की जानकारी विभागीय अधिकारियों को मिलने के बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गई। इस हादसे से बीएसपी प्रबंधन में हड़कंप मचा हुआ है। वही भट्टी पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

बिरादरी की बातें

चूहा- सुनती हो, मुख्यमंत्री आतिशी का सामान नए सीएम हाउस से बाहर निकाल दिया गया।

चुहिया- हां जी, यह सीएम निवास नहीं, यह राजमहल है अब ऐतिहासिक धरोहर हो गया है...।